प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 23.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। श्री मोदी ने आज रोजगार मेले में वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा नवचयनितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग करना सरकार की प्राथमिकता है। यह रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रदेश में जोधपुर और अजमेर में ये मेले लगाये गये। जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल सीमान्त मुख्यालय में आयोजित मेले में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने और अजमेर के सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने नवचयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। गौरतलब है कि रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 50 शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे 13 रोजगार मेले लगाए जा चुके हैं।

**00000**

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंति पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। श्री सिंह भारत के किसान राजनेता के रूप में जाने जाते है। इसीलिए यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि चौधरी चरण सिंह गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवा सभी को प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि किसानों के कल्याण और उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान किसान नेता को कोटी–कोटी नमन है। राष्ट्रीय किसान दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चौधरी चरण सिंह को याद किया जा रहा है। भरतपुर में श्री सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें पुष्पाजंलि दी गई। बाडमेर में संगोष्ठी का आयोजन कर राष्ट्र निर्माण में श्री चौधरी के योगदान को याद किया गया।

00000

कोटा के श्री खड़े गणेश मंदिर में आज भगवान गणपति की वंदना के साथ ही कोटा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पूजा अर्चना कर महोत्सव की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान श्री बिरला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हमारी ऐतिहासिक धरोहर, समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत पर्यटन स्थलों को जानने और समझने का अवसर है। यह कोटा के हर नागरिक को अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ने का भी सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि कोटा उद्योग नगरी और शिक्षा नगरी के बाद अब पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित होगी। श्री बिरला ने कहा कि हाडोती की कला संस्कृति और पर्यटन का प्रचार प्रसार सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। महोत्सव के तहत फूड कोर्ट, फोटो प्रदर्शनी, क्राफ्ट बाजार, अमृता हाट, लघु उद्योग मार्ट और पेंटिंग वर्कशॉप लगाई गई है। स्थानीय कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

गईं। महोत्सव के दौरान चंबल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। शाम को चंबल माता की महाआरती, दीपदान और आतिशबाजी होगी। शाम को कलाकारों द्वारा भजन संध्या और कथक नृत्य की प्रस्तुति दशहरा मैदान के विजय श्री रंगमंच पर होगी।

00000

भीलवाड़ा में आज कृषि और पशुधन पर आधारित आजीविका को मजबूत करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और चारागाह विकास के प्रति जन जागृति लाना है। कार्यशाला में प्रदेश के 500 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं

00000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर, नागौर, बीकानेर में देररात वहीं चूरू और जयपुर में आज बूंदाबांदी हुई। इनके अलावा कई जगह बादल छाये हुए हैं। पश्चिमी राजस्थान में कहीं कहीं पर कोहरा दर्ज किया गया । मौसम विभाग के अनुसार आज एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई जगह बारिश की संभावना है।

00000